>

Title: Laid a statement regarding diet chart plan for pregnant woman

महिला और बाल विकास मंत्री तथा वस्त्र मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी): अध्यक्ष जी, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करती हूं और साथ ही यह कहना चाहती हूं कि इस सदन के गरिमामय इतिहास में आज पहली बार महिला और बाल विकास मंत्रालय के माध्यम से मैं डाइट चार्ट फॉर प्रेगनेंट वूमेन के संकल्प को सदन के सम्मुख प्रस्तुत करना चाहूंगी । अध्यक्ष जी, आपको ज्ञात है कि 22 नवंबर, 2019 को प्रश्न काल के दौरान आपने स्वयं हमारे विभाग को आदेश दिया था कि राष्ट्र के इतिहास में पहली बार सरकार यह प्रयास करे कि क्षेत्रीय परम्पराओं के आधार पर गर्भवती महिलाओं को सुपोषित करने का संकल्प एक डाइट चार्ट के रूप में सदन के सभी सदस्यों को प्रेषित किया जाए । आपके आदेशानुसार मंत्रालय में एक समिति का गठन कर इसमें राष्ट्र के कुछ विशेषज्ञों को, स्वास्थ्य मंत्रालय को, आईसीएमआर को सम्मिलित किया गया और उनके प्रयासों के बाद आज क्षेत्रवार गर्भवती महिलाओं के लिए एक डाइट चार्ट पहली बार इस सदन के इतिहास में मैं प्रस्तुत करने में सक्षम हो पाई हूँ । अध्यक्ष जी, इस अनोखी सोच के लिए आपका धन्यवाद । मैं मात्र एक और निवेदन करना चाहूँगी । आप सब को ज्ञात है कि प्रधान मंत्री जी का राष्ट्रीय संकल्प कि भारत में कोई भी महिला और बच्चा कुपोषित न हो । इस संकल्प के साथ 08 मार्च, 2018 को पोषण अभियान की शुरुआत की गई । तत्पश्चात् सितम्बर का महीना पोषण माह के रूप में मनाया जाता है । मेरा आपके माध्यम से सभी माननीय सांसदों से निवेदन है कि सितम्बर के इस महीने में कोविड प्रोटोकॉल के चलते चाहे जितनी भी चुनौतियाँ हों, हमारे सम्मानित सांसद अपने-अपने गृह जिले में, लोक सभा क्षेत्र में पोषण अभियान में अपनी भूमिका सतत निभाएँगे, यह विश्वास व्यक्त करती हूँ ।

[Placed in Library, See No. LT 2511A/17/20]

अध्यक्ष जी, मात्र इतना कहना चाहती हूँ कि इन विषम परिस्थितियों में भी प्रदेश की सरकारों ने भारत सरकार को सूचित किया है कि 14 सितम्बर यानी कल तक देश भर में एक करोड़ 35 लाख विविध गतिविधियाँ की गईं, ताकि पोषण अभियान का यह संदेश घर-घर प्रदेश की सरकारें पहुँचा सकें । हमें आपका सान्निध्य और सांसदों का सदैव सहयोग इसमें मिलता रहेगा । इसके साथ मैं अपने निवेदन को समाप्त करती हूँ । मैं आपकी अनुमति से नियमानुसार इसको सभा पटल पर प्रस्तुत करूँगी ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट । श्री कल्याण बनर्जी ।